दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश




**अनमोल वचन**

"दुनियां उनसे आकर्षित होती हैं जिनका शरीर सुंदर होता हैं परंतु भगवान उनसे मिलते हैं जिनकी आत्मा सुंदर (पवित्र) होती हैं।"

वर्ष : 13 अंक : 258 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शुक्रवार
5 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## संक्षिप्त न्यूज

### केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और यवेट कूपर ने भारत-ब्रिटेन क्रिटिकल मिनरल्स ऑब्जर्वेटरी का शुभारंभ किया




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और ब्रिटेन की विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों की सचिव यवेट कूपर ने आज नई दिल्ली में भारत-ब्रिटेन क्रिटिकल मिनरल्स ग्लोबल सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी की शुरुआत की।

इस अवसर पर जी. किशन रेड्डी ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज आधुनिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनका उपयोग स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहनों और कई रणनीतिक क्षेत्रों में होता है।

श्री रेड्डी ने कहा कि यह पहल महत्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षित और मजबूत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा भरोसेमंद अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

ब्रिटेन की मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच यह सहयोग महत्वपूर्ण खनिजों की मजबूत, विविध और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में मदद करेगा।

खान मंत्रालय के अनुसार यह पहल भारत और ब्रिटेन के बीच महत्वपूर्ण खनिजों तथा आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग का एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्रालय ने कहा कि यह मंच दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा तथा सुरक्षित, मजबूत और टिकाऊ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए बेहतर निर्णय लेने में सहायता करेगा।

# मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में हिंसा के युग का अंत किया: गृहमंत्री अमित शाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में हिंसा के युग का अंत किया और इस क्षेत्र को विवादों के केन्द्र से अवसरों के केन्द्र में बदल दिया। पूर्वोत्तर परिषद के 73वें पूर्ण सत्र में भाग लेने के बाद आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में गृहमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर परिषद इस क्षेत्र के विकास के लिए रणनीतिक योजना बनाने वाली संस्था के रूप में कार्य कर रही है। साथ ही वह लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति को भी बढ़ावा दे रही है।

सत्र में भाग लेने वाले पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सभी नेता एक मजबूत और अधिक समृद्ध पूर्वोत्तर के निर्माण के अपने संकल्प में एकजुट हैं। पूर्वोत्तर परिषद के पूर्ण सत्र में पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और नीति निर्माताओं सहित कई प्रतिष्ठित नेता शामिल हुए।

## सर्वोच्च न्यायालय ने अदालतों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर मसौदा जारी किया



सर्वोच्च न्यायालय ने अदालतों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग पर मसौदा जारी किया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि कोई भी न्यायिक निर्णय केवल एआई द्वारा उपलब्ध कराए गए विश्लेषण या एल्गोरिथम निर्णय लेने पर आधारित नहीं हो सकता। मसौदे पर लोगों से इस माह की 20 तारीख तक सुझाव मांगे गए हैं।

मसौदे में एआई-सहायता प्राप्त कार्यों जैसे कि केस प्रबंधन, कानूनी अनुसंधान, दस्तावेज सारांश, अनुवाद और प्रतिलेखन आदि की अनुमति दी गई है। हालांकि इसमें यह अनिवार्य किया गया है कि सभी न्यायिक कार्य मानव नियंत्रण में ही रहें।

प्रस्तावित ढांचा एआई को निर्णय देने, सजा तय करने, गवाहों की विश्वसनीयता का आकलन करने या कानूनी परिणामों का निर्धारण करने से रोकता है। यह बिना अनुमोदन और डेटा सुरक्षा कानूनों के अनुपालन के एआई प्रशिक्षण के लिए व्यक्तिगत डेटा के उपयोग को भी प्रतिबंधित करता है।

एआई को अपनाने पर निगरानी के लिए, मसौदे में एक त्रिस्तरीय नियामक तंत्र का प्रस्ताव है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय स्तर का प्राधिकरण, उच्च न्यायालय एआई समितियां और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अनुसंधान और उत्कृष्टता केंद्र शामिल हैं।

## दिग्गज फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी का निधन

वयोवृद्ध निर्माता और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड -सीबीएफसी के पूर्व अध्यक्ष पहलाज निहलानी का आज मुंबई में निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। 10 जनवरी 1950 को जन्मे निहलानी ने 1982 में आई फिल्म 'हाथकड़ी' से निर्माता के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्हें 1986 में आई फिल्म 'इल्जाम' से अभिनेता गोविंदा को पहला बड़ा ब्रेक देने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने 1987 में आई फिल्म 'आग ही आग' से अभिनेता चंकी पांडे को भी सिनेमा जगत में लॉन्च किया था। उन्होंने 'शोला और शबनम', 'आंखें', 'दिल तेरा दीवाना', 'तलाश' और 'रंगीला राजा' जैसी फिल्मों का निर्माण भी किया था।



जनवरी 2015 में निहलानी को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने सख्त नए दिशानिर्देश लागू किए, जिनके तहत 'ए' रेटिंग वाली फिल्मों में भी कुछ अपशब्दों पर प्रतिबंध लगा दिया गया और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या हिंसा दर्शाने वाली सामग्री को सीमित करने का प्रयास किया गया। फिल्म जगत के आलोचकों ने अक्सर उन पर हद से ज्यादा दखलंदाजी का आरोप लगाया, जबकि उन्होंने कहा कि वे बस अपना काम कर रहे थे। सीबीएफसी के वर्तमान अध्यक्ष शशि शेखर वेम्पति ने निहलानी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## नई दिल्ली के मालवीय नगर में कल एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत



नई दिल्ली(एजेंसी)। के मालवीय नगर में कल एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मृत्यु हो गई। दिल्ली पुलिस ने बताया कि मृतकों में नौ भारतीय और 12 विदेशी नागरिक शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, कुल 49 लोगों को उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। जिनमें से 21 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आठ घायलों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि अन्य का इलाज जारी है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और इमारत के मालिक लवकेश बजाज को हिरासत में ले लिया है। इस बीच, दिल्ली सरकार ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही, अवैध संपत्तियों, अनधिकृत गेस्ट हाउसों और अग्नि सुरक्षा नियमों तथा भवन उपनियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ पूरे शहर में विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मैक्स हॉस्पिटल साकेत का दौरा कर आग हादसे में घायलों से मुलाकात की



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज साकेत के मैक्स हॉस्पिटल का दौरा किया और मालवीय नगर मे आग लगने की दुखद घटना में कल घायल हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों और उनके परिवार वालों से बातचीत की और इलाज कर रहे डॉक्टरों से इलाज की समीक्षा की। साथ ही, अधिकारियों को सभी जरूरी मदद देने का निर्देश दिया।

वहीं, दिल्ली सरकार में पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यह एक दुखद घटना है और इसमें कई बेकसूर लोगों की जान गई है। श्री मिश्रा ने बताया कि होटल चालक अवैध रूप से होटल का संचालन कर रहा था।

## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए महायुति ने अपने 17 आधिकारिक उम्मीदवारों की घोषणा की

महाराष्ट्र (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए महायुति ने अपने 17 आधिकारिक उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। मुंबई में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने विश्वास जताया कि भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गठबंधन के सभी उम्मीदवार चुनाव जीतेंगे।

उन्होंने बताया कि सीटों के बंटवारे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता सुनेत्रा पवार के बीच चर्चा के बाद सहमति बनी। महायुति नेताओं ने बागी उम्मीदवारों से नामांकन वापस लेने की भी अपील की है।

## बांग्लादेश में लगातार गंभीर होता जा रहा है खसरे का प्रकोप

बांग्लादेश (एजेंसी)। बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप लगातार गंभीर होता जा रहा है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अनुसार, कल सुबह आठ बजे तक के 24 घंटों में सात और बच्चों की मौत के बाद खसरे से मृतकों की संख्या बढ़कर 601 हो गई है। इनमें 90 मौतों की पुष्टि खसरे से हुई है, जबकि 511 मौतों को संदिग्ध खसरा मामलों के रूप में दर्ज किया गया है। इस अवधि में खसरे के एक हजार 210 नए संदिग्ध मामले सामने आए, जबकि 55 मामलों की प्रयोगशाला जांच में पुष्टि हुई है।

मार्च के मध्य से अब तक देश में खसरे के 74 हजार 572 संदिग्ध और नौ हजार 191 पुष्ट मामले दर्ज किए जा चुके हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, 15 मार्च से अब तक 60 हजार से अधिक संदिग्ध मरीज अस्पतालों में भर्ती हुए हैं, जिनमें से लगभग 56 हजार मरीज उपचार के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं।

जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉक्टर एम. मुश्ताक हुसैन ने कहा है कि केवल अस्पतालों और गहन चिकित्सा पर निर्भर रहने से मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी नहीं आएगी। उन्होंने मरीजों को समय पर अलग रखने, ऑक्सीजन उपलब्ध कराने और बेहतर पोषण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि टीकाकरण अभियान के बावजूद संक्रमण दर में अपेक्षित कमी नहीं आई है और छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए घर-घर जाकर टीकाकरण अभियान चलाने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि टीकाकरण में कमी और देरी के कारण यह प्रकोप हाल के वर्षों में बांग्लादेश के सबसे गंभीर स्वास्थ्य संकटों में से एक बन गया है।

## नासा ने मंगल ग्रह की परिक्रमा कर रहे अपने मेवेन अंतरिक्ष यान के मिशन के समाप्त होने की घोषणा की

नई दिल्ली (एजेंसी)। नासा ने मंगल ग्रह की परिक्रमा कर रहे अपने मेवेन अंतरिक्ष यान के मिशन के समाप्त होने की घोषणा की है। लगभग छह महीने तक कोई संपर्क नहीं होने के बाद नासा ने पुष्टि की कि एक दशक से अधिक समय तक चले इस मिशन का अंत हो गया है।

वर्ष 2013 में प्रक्षेपित मेवेन का उद्देश्य मंगल ग्रह के वायुमंडल का अध्ययन करना था। पिछले वर्ष दिसंबर में मंगल ग्रह के पीछे जाने के बाद यान से संपर्क टूट गया था। जांच में पता चला कि यान तेजी से घूमने लगा, जिससे उसकी कक्षा प्रभावित हुई और बैटरियां खत्म हो गई।

नासा की समीक्षा समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि अंतरिक्ष यान को दोबारा सक्रिय नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह अगले 50 से 100 वर्षों तक मंगल की कक्षा में बना रहेगा, जिसके बाद ग्रह की सतह से टकरा जाएगा।

## डब्ल्यूएचओ ने कांगो में इबोला प्रकोप के तेजी से फैलने पर चिंता जताई

विश्व स्वास्थ्य संगठन (एजेंसी)। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला बीमारी का प्रकोप तेजी से फैल रहा है और इसे रोकने के प्रयास अभी पर्याप्त नहीं हैं। संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने बीमारी पर काबू पाने के लिए और तेज कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा कि इबोला वायरस अब उत्तर और दक्षिण किवु प्रांतों के साथ-साथ पड़ोसी युगांडा तक फैल चुका है। मई के मध्य से अब-तक 344 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है और 60 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## आईआईटी दिल्ली जेईई एडवांस्ड 2026 के पात्र छात्रों के लिए तीन शहरों में ओपन हाउस आयोजित करेगी




नई दिल्ली (एजेंसी)। आई. आई. टी. दिल्ली, जेईई एडवांस्ड 2026 में पात्र होने वाले छात्रों के लिए कल से भारत के तीन शहरों में एक ओपन हाउस का आयोजन करेगी। इस तीन दिवसीय सत्र का आयोजन दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु मे किया जाएगा। इस ओपन हाउस में छात्रों को आई. आई. टी. दिल्ली के छात्रों, फैकल्टी और पूर्व छात्रों से बातचीत करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, आई. आई. टी. दिल्ली द्वारा छात्रों के पूछे गए सवालों के जवाब दिए जाएंगे। साथ ही, पढ़ाई, रिसर्च, कैंपस लाइफ और आजीविका के मौकों के बारे में अपने अनुभव साझा करेंगे। इससे छात्रों को अपने शैक्षणिक सफर के बारे में सोच-समझकर फैसला लेने में मदद मिलेगी।

# मतदाता सूची में पात्र नागरिक का नाम किया जाएगा शामिल,किसी का नहीं काटा नाम जाएगा : उपायुक्त

■ 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापनः उपायुक्त




जीत समाचार करनाल (ब्यूरो)। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार संपूर्ण देश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 का कार्य करवाया जा रहा है। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से नाम दर्ज करवाने से वंचित ना रहे। उन्होंने स्पष्ट किया की इस अभियान के तहत 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नाम काटा नहीं जाएगा, केवल अपात्र व्यक्ति का नाम नोटिस जारी करने की प्रक्रिया अपनाते हुए मतदाता सूची से हटाया जाएगा। इसके अलावा 1 जुलाई 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवा भी अपनी वोट बनवा सकेंगे और मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के अनुसार 5 जून से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण किया जाएगा। 21 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा तथा 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जिनका निपटारा संबंधित ईआरओ द्वारा 18 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। ईआरओ के निर्णय से असंतुष्ट होने पर मतदाता जिला निर्वाचन अधिकारी को दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकता है। इस निर्णय के विरूद्ध भी राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ एवं चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने हरियाणा विजन-2047 के तहत हाउसिंग फोर ऑल विभाग के अगले 5 साल के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की।



जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरो)। सीएम ने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी को रहने के लिए छत देना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा यह कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि वे शेष बचे सभी पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास उपलब्ध करवाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें।

उन्होंने कहा कि यदि किसी अपात्र व्यक्ति या परिवार को योजना का लाभ दिया जाता है तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अधिकारियों के बोर्ड की बैठक

## विकास कार्यों की समीक्षा, समय पर पूरा करने के निर्देश

■ जल संचय जन भागेदारी अभियान में सहभागिता करें सभी विभाग-डीसी



जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरो)। उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आज यहां जिला अधिकारियों के बोर्ड (बोर्ड ऑफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर) की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला में विभिन्न विभागों की ओर से कराए जा रहे प्रमुख विकास कार्यों की समीक्षा की गई और इन्हें निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सीएम विंडो की लंबित शिकायतों का भी जल्द निपटारा करने के लिए कहा गया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से जल संचय जन भागीदारी अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कहा।

बैठक में उपायुक्त ने पीएनडीटी एक्ट के तहत मारे गए छापों की बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए कि कन्या भ्रूण हत्या रोकने और घटते लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए महीने में कम से कम एक छापा जरूर मारा जाए। कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों और जिन दंपतियों के पास दो बेटियां हैं वहां विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि पीएनडीटी एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए और कहीं भी संदिग्ध मामला नजर आए तो पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दें। डा. आनंद कुमार ने एससी-एसटी एक्ट के तहत लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी भी ली।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से जल संचय जन भागीदारी अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इस अभियान में चालू वित्त वर्ष में करनाल जिला उत्तरी जॉन में अव्वल 15 जिलों में शामिल होना चाहिए। उत्तरी जॉन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में यह अभियान भूजल संवर्धन, जल संचयन और जल सुरक्षा के लिए आरंभ किया गया है।

बैठक में उपायुक्त ने डीटीओ को यमुना क्षेत्र से आने वाले खनन सामग्री से भरे ओवरलोडिड वाहनों पर शिकंजा कसने के निर्देश देते हुए कहा कि जरूर पड़े तो इसके लिए पुलिस सहायता भी ली जा सकती है। सीमांकन, राजस्व रास्ते, अवैध कब्जे हटवाने आदि मामलों के संबंध में उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि वे डीएसपी और तहसीलदारों के साथ हर 15 दिन में बैठक कर इस दिशा में उचित कदम उठाएं।

ਸਮੂਹ ਸਮਾਜ ਸੰਗਠਨ (ਸਸਸ) ਰਜਿ.
SSS
ਬੇਸਹਾਰਾ ਗਊ ਅਤੇ ਪਸ਼ੂਆਂ ਦੀ ਸੰਭਾਲ
ISO ਮਾਨਤਾ ਪ੍ਰਾਪਤ ਪੜ੍ਹਾਈ
ਰੁਜ਼ਗਾਰ ਕਾਊਂਸਲਿੰਗ
ਵੇਸਟ ਅਤੇ ਪਲਾਸਟਿਕ ਰਿਸਾਈਕਲਿੰਗ
ਬੱਚੇ, ਔਰਤਾਂ ਅਤੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦੇ ਸਮਾਜਿਕ ਵਿਕਾਸ ਵਿੱਚ ਸਹਿਯੋਗ ਦਿਉ
ਵਾਰਡ ਵਲੰਟੀਅਰ ਪੁਆਇੰਟ
ਸੰਪਰਕ : 85679-57745, 90410-90470

Samuh Samaj Sangathan (Regd.)
2007 to Update
अभी नहीं तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित रखने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।
समूह समाज संगठन 2007 से जरूरतमंद लोगों की हमेशा से मदद करता आया है। यह तभी संभव होता है जब आप सभी लोग हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। आज की मुसीबत के समय में राशन और डेली जरूरत की सामग्री मस्क, सेनिटाइजर आदि इकठ्ठा करना जितना मुश्किल है। उससे मुश्किल इस सामग्री को बटना और लोगो तक पहुंचाना है।
किसी को हमारे संगठन के होते घबराने की जरूरत नहीं है हमारे संगठन के वॉलंटियर्स आपकी सेवा में हाजिर है। सम्पर्क करें।
9803025111,9872081907,7696420000,9872177784,8427566893

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

संपादकीयः संपादक की कलम से

## जीत सिर्फ लक्ष्य नहीं, एक यात्रा है

जीवन के जिस पड़ाव पर हम खड़े हैं, वहाँ श्जीतश् शब्द का अर्थ अक्सर केवल परिणाम, पदक, पुरस्कार या किसी विशिष्ट मुकाम को हासिल करने तक सीमित कर दिया गया है। समाज का यह नजरिया हमें सिखाता है कि सफल होना ही जीत है, और यदि परिणाम मनोनुकूल नहीं है, तो शायद हम हार गए हैं। लेकिन क्या यह सत्य है? क्या हम केवल उस अंतिम बिंदु के लिए जीते हैं, जिसे हम 'लक्ष्य' कहते हैं? 'जीत समाचार' के मंच से आज मैं आपसे एक अलग दृष्टिकोण साझा करना चाहता हूँ। मेरा मानना है कि जीत वास्तव में कोई मंजिल नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली यात्रा है।

लक्ष्य बनाम यात्राः जब हम किसी लक्ष्य को पाने के लिए निकलते हैं, तो हमारा पूरा ध्यान उस परिणाम पर केंद्रित होता है। इस प्रक्रिया में हम अक्सर उस पूरी प्रक्रियाकृउन रास्तों, उन संघर्षों, उन छोटी-बड़ी सीखों और उन अनुभवों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो हमें गढ़ते हैं। जो लोग केवल 'लक्ष्य' को ही जीत मानते हैं, वे परिणाम न मिलने पर अक्सर निराशा के सागर में डूब जाते हैं।


इसके विपरीत, जो लोग 'यात्रा' को जीत मानते हैं, उनके लिए हर दिन एक नई उपलब्धि होती है। वे गिरते हैं, सीखते हैं, धूल झाड़ते हैं और फिर से चल पड़ते हैं। उनके लिए जीत का मतलब सिर्फ शिखर पर पहुँचना नहीं, बल्कि उस शिखर तक चढ़ने की क्षमता विकसित करना है।

संघर्ष ही असली सौगात है : आज के दौर में हम सभी किसी न किसी संघर्ष से गुजर रहे हैं। कोई अपने करियर में स्थिरता चाहता है, तो कोई समाज में बदलाव। अगर आप एक पत्रकार हैं, एक कलाकार हैं, या एक छात्र, तो आपकी यात्रा उन चुनौतियों से भरी होगी जिन्हें आप रोज पार करते हैं। जब आप सुबह उठकर नई ऊर्जा के साथ काम पर निकलते हैं, तो आप पहले ही जीत चुके होते हैं। जीत का अर्थ केवल ट्रॉफी जीतना नहीं हैय जीत का अर्थ हैकृअपने आलस्य को हराना, अपनी पुरानी सीमाओं को तोड़ना और खुद के बेहतर संस्करण को खोजना।

निरंतरता का महत्वः एक लंबी यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है 'निरंतरता' मंजिल तक पहुँचने के लिए एक दिन का उत्साह काफी नहीं होता, बल्कि हर दिन थोड़ा-थोड़ा प्रयास करना पड़ता है। जिस तरह एक पत्थर को मूर्ति का रूप देने के लिए छेनी के हजारों वार सहने पड़ते हैं, ठीक उसी तरह जीवन की बड़ी उपलब्धियाँ भी हमारे धैर्य और संकल्प की परीक्षा लेती हैं। आपकी यात्रा ही यह तय करती है कि आप मंजिल तक पहुँचने के बाद उस सफलता को संभालने के काबिल भी हैं या नहीं।

जीत समाचार की प्रतिबद्धता : 'जीत समाचार' के माध्यम से हम न केवल आपको दुनिया की खबरें पहुँचाते हैं, बल्कि हम समाज के उन नायकों की कहानियाँ भी आप तक लाते हैं, जिन्होंने अपनी कठिन यात्राओं को गौरवपूर्ण बनाया है। हमारा उद्देश्य आप में यह विश्वास जगाना है कि आपकी हर छोटी कोशिश मायने रखती है।

कमल पवार







जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# एमएलए पराशर और जोनल कमिश्नर ने शहर में मॉनसून आने से पहले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए धोक्का मोहल्ला और धरमपुरा इलाके का दौरा किया

**आवासीय इलाकों में पानी भरने से रोकने के लिए धरमपुरा नाले के चारों ओर रिटेनिंग वॉल बनाने का काम तेज करने के निर्देश दिए गए**



जीत समाचार लुधियाना।
शहर में मॉनसून आने से पहले, लुधियाना सेंट्रल के एमएलए अशोक पराशर 'पप्पी' ने जोनल कमिश्नर अमनप्रीत सिंह और नीरज जैन के साथ मिलकर गुरुवार को धोक्का मोहल्ला, धरमपुरा, रणजीत पार्क और अन्य इलाकों का दौरा किया। इस दौरे का मकसद बारिश के मौसम में जलभराव से बचने के लिए पहले से ही जरूरी तैयारियां करना था।

निरीक्षण के दौरान, धरमपुरा नाले के चारों ओर रिटेनिंग वॉल (दीवार) बनाने के काम में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए गए। रिटेनिंग वॉल बनाना, धरमपुरा नाले को ढकने के लिए चल रहे बड़े प्रोजेक्ट का ही एक हिस्सा है। इसका मकसद मॉनसून के मौसम में आवासीय इलाकों में नाले का पानी भरने से रोकना है।

निरीक्षण के दौरान एमएलए पराशर के साथ एमसी के जॉइंट कमिश्नर-सह-जोनल कमिश्नर (जोन ए) अमनप्रीत सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर-सह-जोनल कमिश्नर (जोन बी) नीरज जैन, और ओ.एम सेल तथा बी.आर ब्रांच के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

एमएलए पराशर ने बताया कि वह बुड्ढा दरिया के आस-पास के निचले इलाकोंकृजैसे धोक्का मोहल्ला, धरमपुरा, रणजीत पार्क आदिकृमें रहने वाले लोगों को राहत दिलाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। धरमपुरा नाले को ढकने के पूरे प्रोजेक्ट में तेजी लाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

एमएलए पराशर ने कहा कि अधिकारियों को रिटेनिंग वॉल बनाने का काम तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर जरूरत पड़ी, तो साइट पर और मजदूर भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वह नियमित रूप से स्थिति पर नजर रख रहे हैं और निचले इलाकों में जलभराव रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

एमएलए पराशर ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के मार्गदर्शन में काम करते हुए, वे शहर के सतत विकास और आम जनता को सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि जमीनी स्तर पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और आने वाले दिनों में वह इन इलाकों का दोबारा निरीक्षण करेंगे।

## बच्चों से भीख मांगने को रोकने के लिए खास कैंपेन चलाया गया



जीत समाचार लुधियाना।
डिप्टी कमिश्नर लुधियाना हिमांशु जैन की तरफ से जारी गाइडलाइंस के तहत, प्रोजेक्ट जीवनजोत के तहत बच्चों से भीख मांगने को रोकने के लिए एक खास कैंपेन चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में, आज डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर रश्मि की लीडरशिप में संदीप सिंह (सुपरवाइजर), प्रभजोत कौर (केस वर्कर), हरमिंदर सिंह रोमी (एजुकेशन डिपार्टमेंट) और पुलिस डिपार्टमेंट ने मिलकर बस स्टैंड, भारत नगर चौक, दुर्गा माता मंदिर, पैवेलियन चौक, भलाव चौक, पुरानी कचहरी और लुधियाना के अलग-अलग इलाकों में बच्चों को भीख मांगने से रोकने के बारे में अवेयर किया। इस कैंपेन के दौरान भीख मांगते हुए 06 बच्चों को बचाया गया।

बचाने के बाद बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, लुधियाना के सामने भी पेश किया गया। डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर रश्मि ने कहा कि इस तरह के सरप्राइज चेकिंग भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि बच्चों की भीख मांगने पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

# सुरक्षित बरामद की चार लापता लड़कियां गांव सियाड़ की पंचायत नें की एसएसपी डॉ. दर्पण

**आहलूवालिया और खन्ना पुलिस की भरपूर सराहना, कहा – पुलिस पर भरोसा और बढ़ा**

जीत समाचार लुधियाना/खन्ना (कमल पवार)।
पुलिस जिला खन्ना की एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया (आईपीएस) के कुशल नेतृत्व और खन्ना पुलिस की मुस्तैदी के चलते चार लापता लड़कियों को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी पायल हरमनप्रीत सिंह चीमा ने बताया कि एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार मलौद पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी जांच और सुनियोजित रणनीति के कारण इस संवेदनशील मामले को सफलतापूर्वक सुलझाया गया।उन्होंने बताया कि 2 जून 2026 को गांव सियाड़ की चार लड़कियां, जिनमें तीन नाबालिग बहनें भी शामिल थीं, दोपहर करीब 12:30 बजे अपने परिजनों को बिना बताए घर से चली गई थीं। रात करीब 8:30 बजे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटियां लापता हैं। परिवारों ने आशंका जताई कि लड़कियां सतनाम नामक व्यक्ति के साथ गई हो सकती हैं, जो परिवारों के परिचितों में शामिल था और अक्सर उनके घर आता-जाता था।डीएसपी हरमनप्रीत सिंह चीमा ने बताया कि सूचना मिलते ही खन्ना पुलिस सक्रिय हो गई। एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के मार्गदर्शन में विशेष टीमों का गठन किया गया। 3 जून को पुलिस टीम ने गांव सियाड़ के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें पुष्टि हुई कि लड़कियां एक थ्री-व्हीलर के माध्यम से गांव से बाहर गई थीं।तकनीकी जांच के दौरान सतनाम की लोकेशन फिरोजपुर में ट्रेस हुई। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके दौरान उसने एक मोबाइल नंबर की जानकारी दी, जिसका इस्तेमाल लापता लड़कियों में से एक करती थी। हालांकि वह नंबर उस समय बंद था, लेकिन पुलिस ने जांच जारी रखी।इस दौरान एक लापता लड़की ने किसी अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल फोन से सतनाम से संपर्क किया और नई सिम लेने के लिए ओटीपी प्राप्त किया। खन्ना पुलिस की तकनीकी टीम ने उस मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर अंबाला का पता लगाया। इस सूचना के आधार पर एसएचओ मलौद अपनी टीम के साथ तुरंत अंबाला पहुंचे



और चारों लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर लिया।डीएसपी हरमनप्रीत सिंह चीमा ने कहा कि यह सफलता खन्ना पुलिस की पेशेवर कार्यशैली, आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग और एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा और बच्चों की भलाई खन्ना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।दूसरी ओर, गांव सियाड़ की सरपंच लवप्रीत कौर सहित पूरी पंचायत और ग्रामीणों ने खन्ना पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई की जमकर प्रशंसा की। पंचायत सदस्यों ने कहा कि पुलिस ने बेहद कम समय में चारों लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर परिवारों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया, डीएसपी हरमनप्रीत सिंह चीमा और पूरी पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस कार्रवाई से खन्ना पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# 3 पंजाब बटालियन एन सी सी, लुधियाना द्वारा विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली का आयोजन

जीत समाचार लुधियाना । 3 पंजाब बटालियन एनसीसी, लुधियाना द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 03 जून 2026 को एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत परिवहन को बढ़ावा देना था।

रैली का आयोजन कर्नल अजय कोहली, कमांडिंग ऑफिसर, 3 पंजाब बटालियन एनसीसी, लुधियाना के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर कर्नल जे.पी. शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी तथा सूबेदार मेजर करनैल सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कैडेटों को साइकिल को स्वस्थ, किफायती एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधन के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

लुधियाना के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 150 से अधिक एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक रैली में भाग लिया। रैली बटालियन मुख्यालय से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान कैडेटों ने पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों के स्वास्थ्य लाभों से संबंधित संदेशों वाली तख्तियां प्रदर्शित कीं।




कैडेटों को संबोधित करते हुए कर्नल अजय कोहली ने शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में साइकिल चलाने की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से साइकिल को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा सतत जीवन शैली के प्रेरक बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन कैडेटों द्वारा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने तथा साइकिल सहित अन्य सतत उपायों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की शपथ के साथ हुआ।



# जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव का विकास और जन-आकांक्षाओं को पूर्ण करना विशेष प्राथमिकता : यादविंद्र गोमा

■ लोगों की सुनी समस्याएं, अधिकतर समस्याओं का मौके पर किया समाधान

जीत समाचार जयसिंहपुर/ सुभाष (अभिषेक)। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री श्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक गांव के लोगों की आकांक्षा और आशाओं के सामाजिक और सामूहिक कार्यों को करना उनकी विशेष प्राथमिकता है। यह बात आज उन्होंने ग्राम पंचायत द्रमण के शिव मंदिर सुभाष नगर परिसर में 8. 5 लाख रूपए की लागत से नव निर्मित शेड के लोकार्पण के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए कही।



मंत्री ने पंचायत वासियों को मंदिर परिसर में बेहतर शेड निर्माण की बधाई देते हुए कहा कि स्थानीय लोगों की मांग पर शेड निर्माण कार्य के लिए यह धनराशि उपलब्ध करवाई गई थी। उन्होंने कहा किया कि इस कार्य को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया गया है, जिससे यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने स्थानीय जनता को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के सभी रूके हुए विकास कार्यों को गति दी जाएगी। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि आशापुरी से मल्ली सड़क की टारिंग कार्य के लिए धनराशि उपलब्ध करवा दी गई है और जल्द ही इस सड़क की टारिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके सामर्थ्य और प्रयासों के अनुरूप पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस दौरान खेल एवं कानून मंत्री ने इस क्षेत्र से नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों और स्थानीय पंचायत के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को उनकी शानदार जीत पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को हार पहनाकर सम्मानित भी किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के जमीनी विकास के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने इन प्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार की ओर से हर संभव सहयोग देने का पूरा आश्वासन दिया।

इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा को शॉल व हिमाचली टोपी भेंट कर भव्य स्वागत व सम्मानित किया गया।

इस दौरान आयुष मंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शेष समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया।

इस अवसर पर द्रमण वार्ड के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य ओपी धीमान, बागकलुजां वार्ड के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य अभिषेक सूद, स्थानीय पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान राकेश कुमार, उप प्रधान नरेश कुमार, सुआं पंचायत के उप प्रधान मेघ सिंह सहित मंदिर कमेटी के समस्त सदस्य, थान सिंह, राज चन्द्र, विभिन्न विभागों के अधिकारी और भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कुपोषित बच्चों के सही पोषण के लिए भोरंज में विशेष अभियान

■ डीसी गंधर्वा राठौड़ ने लदरौर और मुंडखर में महिलाओं को किया जागरूक

जीत समाचार भोरंज (ब्यूरो)। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा है कि किसी भी बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिन यानि गर्भ से लेकर उसके दूसरे जन्मदिन तक का समय सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी दौरान उसके मस्तिष्क एवं शरीर का सर्वाधिक विकास होता है। अगर इस दौरान बच्चे का सही पोषण सुनिश्चित किया जाए तो वह भविष्य में स्वस्थ जीवन जी सकता है।



वीरवार को भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर और मुंडखर में पोषण अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं, आंगनवाड़ी और आशा वर्करों को संबोधित करते हुए गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि बच्चे के सही पोषण के लिए मां का जागरूक होना बहुत जरूरी है। छह माह तक बच्चे को केवल मां का दूध देना और छह माह के बाद मां के दूध के साथ-साथ बच्चे को अन्य पौष्टिक आहार देने के बारे में मां को सही जानकारी होनी चाहिए।

उपायुक्त ने बताया कि हमारे कई पारंपरिक व्यंजन एवं मोटे अनाज आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इन्हें दैनिक आहार में शामिल करके बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भोरंज उपमंडल में लगभग 454 बच्चे कम वजन वाले तथा कुपोषित पाए गए हैं। भोरंज उपमंडल में कुपोषण को रोकने और बच्चों का सही पोषण सुनिश्चित करने के लिए पायलट आधार पर न्यूट्रिशनल इंटरवेंशन (पोषण हस्तक्षेप) कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत छोटे बच्चों को पौष्टिक गुणों से भरपूर रागी का पाउडर दिया जाएगा। उपायुक्त ने रागी के पाउडर के वितरण एवं इनके पौष्टिक गुणों के बारे में भी महिलाओं के साथ व्यापक चर्चा की।

इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, सीएमओ डॉ. अजय अत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ अनिल कुमार, सीडीपीओ सुनील कुमार ने भी महिलाओं का मार्गदर्शन किया। सिद्धबाड़ी, धर्मशाला की स्वयंसेवी संस्था चिन्मय ग्रामीण विकास संगठन (कॉर्ड) के विशेषज्ञों अनिता ठाकुर और सुनील कुमार ने रागी के पाउडर तथा अन्य पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी दी।

# हिमाचल प्रदेश कांगड़ा की नन्ही प्रतिभा आशवी धीमान को 'एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स 2026' सम्मान




जीत समाचार कांगड़ा (अभिषेक)। जिले की होनहार बाल कलाकार, टीवी अभिनेत्री, मॉडल एवं हिमाचली संस्कृति की युवा प्रमोटर आशवी धीमान ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। उन्हें 'एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड्स रिकॉर्ड्स 2026' द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, कला, संस्कृति और कम उम्र में हासिल की गई असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है।

महज 8 वर्ष की आयु में आशवी धीमान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। इस सम्मान के साथ आशवी के कुल पुरस्कारों और सम्मानों की संख्या 200 तक पहुंच गई है, जो उनकी निरंतर मेहनत, प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण है।

आशवी इससे पहले भी कई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड बुक्स और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपना नाम दर्ज करवा चुकी हैं। उनका नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, यूनिवर्सल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, ओरिएंट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स सहित कई बड़े रिकॉर्ड मंचों में दर्ज है। हाल ही में लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कर उन्होंने हिमाचल प्रदेश और देश को गौरव बढ़ाया था।

आशवी की उपलब्धियां न केवल बच्चों बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। इतनी कम उम्र में कला, संस्कृति और सामाजिक पहचान के क्षेत्र में उनकी सफलताएं यह साबित करती हैं कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

आशवी धीमान की यह नई उपलब्धि कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश और पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।



# जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु करसोग में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



जीत समाचार करसोग (ब्यूरो)।

जनगणना-2027 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के दृष्टिगत आज उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में एसडीएम सभागार व खंड विकास अधिकारी कार्यालय करसोग में जनगणना कार्य से संबंधित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा।

प्रथम चरण में 04 जून से 06 जून तक 100 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को और दूसरे चरण में 10 जून से 12 जून तक 66 कर्मचारियों साहित कुल 166 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जनगणना संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि जनगणना सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय गतिविधियों में से एक है, जिसके आधार पर विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण किया जाता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को जनगणना कार्य को गंभीरता, निष्पक्षता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनगणना ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी टीम वर्क की भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि जनगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारी ध्यान से प्रशिक्षण प्रकिया को समझें और यदि किसी कर्मचारी को जनगणना से संबंधित किसी प्रकार का संशय रहता है वे अपने उच्चाधिकारियों से संपर्क कर सकते है।


उन्होंने कहा कि मकान सूचीकरण और आवास जनगणना से संबंधित निर्देश पुस्तिका को ध्यान से पढ़ें और उसमें दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप जनगणना के कार्य को करना सुनिश्चित करें।

मास्टर ट्रेनर योगराज ने कार्यशाला में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना-2027 की प्रक्रिया, एचएलओ मोबाइल ऐप, आंकड़ों के संग्रहण, सत्यापन तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना से संबंधित दिशा-निर्देशों, प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों की विभिन्न जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी किया गया।

गौरतलब है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक पूरा किया जाना है। इसके अंतर्गत ही मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर तहसीलदार करसोग एवं चार्ज ऑफिसर मतगणना पृथी चंद, सहायक कार्यालय कानूनगो एवं चार्ज क्लर्क शिल्पा ठाकुर, ग्रामीण राजस्व अधिकारी भंथल विनय कुमार सहित जनगणना कार्य से संबंधित विभागीय अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत



जीत समाचार शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून को शिमला स्थित उनके आवास ओक-ओवर में प्रातः 09 बजे चिनार पेड़ रोपण के प्रथम चरण का शुभारंभ करेंगे।

इसके उपरांत प्रातः 9:30 बजे मुख्यमंत्री शिमला के रिज मैदान में पुलिस एवं पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी व जलवायु परिवर्तन विभागों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और एंटी चिट्टा, क्लीन एंड ग्रीन हिमाचल व जनगणना जागरूकता मिनी रैली के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सायं 4:20 पर वन विभाग द्वारा कम्याणा हिल टॉप पर आयोजित नेचर ट्रेल के प्रथम चरण का लोकार्पण करेंगे।

# जयसिंहपुर : कृषि विभाग की लापरवाही से लुगट पड़मन में खंडहर हो चुका बीज व औजार वितरण केंद्र, 'आप' के प्रदेश प्रवक्ता एवं राज्य समिति सदस्य काली दास ने छेड़ा जन-आंदोलन



जीत समाचार जयसिंहपुर/लगट (अभिषेक न्यूज-एडिटर)।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं राज्य समिति सदस्य काली दास ने विकास खंड लंबागांव की ग्राम पंचायत मझेड़ा के गांव लुगट पड़मन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और कृषि विभाग द्वारा निर्मित बीज व औजार वितरण केंद्र की बदहाल स्थिति पर गहरा रोष प्रकट किया।

**खंडहर में तब्दील सरकारी भवन, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा :**

मीडिया को जारी अपने बयान में काली दास ने बताया कि लुगट पड़मन में कृषि विभाग द्वारा वर्षों पहले लाखों रूपये की लागत से बीज व औजार वितरण केंद्र का निर्माण किया गया था। लेकिन विडंबना यह है कि उद्घाटन के बाद से ही यह केंद्र 'सफेद हाथी' साबित हुआ है। विभाग ने न तो यहाँ किसी कर्मचारी की नियुक्ति की और न ही क्षेत्र के किसानों को कभी बीज या कृषि उपकरण उपलब्ध कराए।

आज यह भवन पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो चुका है। जर्जर हो चुकी इमारत का ढांचा कभी भी ढह सकता है, जिससे आसपास के घरों और वहां से गुजरने वाले ग्रामीणों की जान को हर समय खतरा बना हुआ है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं राज्य समिति सदस्य काली दास ने सरकार से मांग की है कि इस जर्जर भवन की मरम्मत करवाकर इसे दोबारा क्रियाशील किया जाए। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्र के किसानों की उम्मीद है। यदि इसे जल्द सुधारा जाए, तो आसपास की पंचायतों के किसानों को बीज और कृषि उपकरण आसानी से मिल सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने चेताया कि यदि प्रशासन ने इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो जनता की सुरक्षा के लिए शआपद इस मुद्दे को और बड़े स्तर पर उठाएगी।

**खतरे की जद में ग्रामीणों का जीवन:** काली दास ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि उक्त भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। बिना किसी कर्मचारी की नियुक्ति और रखरखाव के, यह इमारत अब एक बड़े हादसे को न्योता दे रही है। भवन कभी भी ढह सकता है, जिससे आसपास के रिहायशी घरों और वहां से गुजरने वाले ग्रामीणों की जान को गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

**'आप' ने स्थानीय विधायक से की कार्रवाई की मांग:** आम आदमी पार्टी ने स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा व कृषि विभाग से तत्काल प्रभाव से भवन के पुनर्निर्माण की मांग की है। काली दास ने कहा कि यदि इस भवन को पुनर्जीवित किया जाए और यहां स्थायी कर्मचारी की तैनाती हो, तो मझेड़ा के साथ-साथ आसपास की पंचायतों के किसानों को बीज और कृषि उपकरण आसानी से उपलब्ध होंगे, जिससे उनकी आर्थिकी को मजबूत संबल मिलेगा।

**जनहित के मुद्दों पर मुखर रहेगी पार्टी :** काली दास ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम आदमी पार्टी जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता से जुड़ी हर समस्या को पूरी गंभीरता के साथ उठा रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यदि जनता का सहयोग मिला, तो इन रुके हुए विकास कार्यों की गहन जांच कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा। उन्होंने सरकार को चेताया कि यदि समय रहते इस केंद्र की सुध नहीं ली गई, तो आम आदमी पार्टी जनहित में संघर्ष को तेज करेगी।

# दगोह में शिव शक्ति युवा क्लब द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन, पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



जीत समाचार जयसिंहपुर/ दगोह (अभिषेक न्यूज-एडिटर)।

क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'शिव शक्ति युवा क्लब, दगोह' द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आज भव्य समापन हुआ। इस समापन समारोह में पूर्व विधायक जयसिंहपुर, रविंद्र धीमान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह को संबोधित करते हुए रविंद्र रवि धीमान ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा, 'आज के युवाओं का खेलों की ओर बढ़ता रुझान बेहद सराहनीय है। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखकर समाज को एक सकारात्मक दिशा भी देते हैं।'

रविंद्र रवि धीमान ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए आयोजकों की सराहना की और सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से शिव शक्ति युवा क्लब के सभी सदस्यों को इस प्रशंसनीय प्रयास के लिए शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में भी खेल गतिविधियों को इसी प्रकार बढ़ावा देने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर स्थानीय ग्रामवासी, विभिन्न खेल प्रेमी और क्लब के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के अंत में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।